INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	Department of Hindi	Date of Submission:01-05-2020
Ques. Bank No: 1	Lesson 1 : मैं सबसे छोटी होऊँ	Note: Pl. write in your Hindi note book

अति लघु प्रश्न

1- माँ के आँचल की छाया में बच्ची कैसा महसूस करती है?

उत्तर - माँ के आँचल की छाया में बच्ची निर्भय महसूस करती है |

2 - माँ परियों की कहानी कब नहीं सुनाती है?

उत्तर - माँ परियों की कहानी बड़ी होने पर नहीं सुनाती है |

3- माँ किसे और कैसे छलती है ?

उत्तर माँ बच्चों बड़ा बनाकर अपने से दूर करके उन्हें छलती है|

4 - घर में सबसे अधिक आपकी मदद कौन करता है ?

उत्तर घर में सबसे अधिक हमारी मदद माँ करती है|

5 - बच्ची कहाँ सोने की इच्छा व्यक्त करती है?

उत्तर-बच्ची माँ की गोद में सोने की इच्छा व्यक्त करती है?

लघु प्रश्न

1- कविता में बच्ची छोटी क्यों बनी रहना चाहती है?

उत्तर- कविता में बच्ची माँ की गोदी में सोने और माँ का आंचल पकड़कर घूमने के लिए छोटी बनी रहना चाहती है |

2 - बड़े होने पर हम कैसे माँ से अलग होते जाते हैं?

उत्तर- बड़े होने पर माँ पहले हमें खिलौने देकर खुद से अलग करती है। फिर वह हमें स्कूल भेजती है। हमारे नए दोस्त बनते हैं। हम पर ज़िम्मेदारियाँ डाल दी जाती हैं। पढ़ाई की ,परीक्षा की, खेलकूद की आदि इस प्रकार हम धीरे-धीरे माँ से अलग होते जाते हैं।

3 - बच्चों के लिए जीवन का सबसे सुहाना समय कौन-सा होता है?

उत्तर- बच्चों के लिए जीवन का सबसे सुहाना समय बचपन का होता है इस समय उन्हें कोई चिंता नहीं होती बस खेलना खाना और मस्ती करना यही उनका काम होता है |

4- माँ के आंचल की छाया दुनिया की सबसे सुरक्षित जगह क्यों है ?

उत्तर- माँ के आंचल की छाया दुनिया की सबसे सुरक्षित जगह इसलिए है क्योंकि वहाँ किसी प्रकार का खतरा महसूस नहीं होता है और माँ हमें हर खतरे से बचाकर रखती है |

5 - अपने छुटपन में बच्चे अपनी माँ के बहुत करीब होते हैं| इस कविता में नज़दीकी की कौन –कौन – सी स्थितियाँ बताई गई हैं?

उत्तर -मां की गोदी में सोना और परियों की कहानी सुनना, उसका आँचल पकड़कर चलना, उसके हाथों द्वारा खाना- खाना तथा सजना- सँवरना आदि नज़दीकी की स्थितियां बताई गई हैं।

दीर्घ प्रश्न

1- कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है?

उत्तर:- कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना इसलिए की गई है, जिससे कि लंबे समय तक -

(i) माँ का प्यार मिलता रहे।

(ii) माँ के आँचल की छाया मिलती रहे।

(iii) माँ का साथ मिलता रहे।

(iv) विभिन्न प्रकार के खिलौने मिलते रहें।

(v) माँ द्वारा परियों की कहानियाँ सुनने को मिलें।

2 - कविता में 'ऐसी बड़ी न होऊँ मैं' क्यों कहा गया है? क्या तुम भी हमेशा छोटे बने रहना पसंद करोगे?

उत्तर:- इस कविता में एक बच्ची छोटी रह कर माँ के साथ रहना पंसद करती है। वह ऐसी बड़ी बनना पसंद नहीं करती जिससे वह माँ का प्यार दुलार न पा सके। बड़ी बनकर वह माँ के प्यार को खोना नहीं चाहती। इसलिए इस कविता में 'ऐसी बड़ी न होऊँ मैं' की कामना की गई है। हाँ, मैं भी हमेशा छोटे बने रहना पसंद करूंगी।

3 - तुम्हारी माँ आप लोगों के लिए क्या-क्या काम करती है?

उत्तर- मेरी माँ मेरे लिए बहुत सारे काम करती है जैसे :-

1. मुझे प्यार से अपनी गोदी में सुलाती है |
2. अपने हाथों से मुझे नहलाती और सजाती है |
3. टिफिन बॉक्स देकर समय से स्कूल भेजती और लाती है |
4. मेरी हर जरूरत का ध्यान रखती है |
5. रात में सोने के समय कहानियाँ भी सुनाती है |

शब्दार्थ :-

अंचल	- आँचल (The border or hem of sari or shawl)
छलना	- धोखा देना (Cheat)
मात	- माता (Mother)
सज्जित	- सजाकर (Decorated)
गात	- शरीर (Body)
सुखद	- सुख देने वाली (Pleasant)
निस्पृह	- इच्छा रहित (Without any desire)
निर्भर	- आश्रित (Depend upon)
चंद्रोदय	- चाँद का उदय होना (The moon rise)
मुख	- मुँह (Mouth)